## खबर संक्षेप



### मां महामाया के दर्शन कर श्रद्धालुओं ने शुरू की बाबा बैजनाथ धाम की यात्रा

**अम्बिकापुर।** सावन माह शुरू होने से दो दिन पहले जिला मुख्यालय से बाबा बैजनाथ धाम देवघर के लिए श्रद्धालुओं का पहला जत्था मंगलवार को रवाना हुआ। रवाना होने से पूर्व सभी श्रद्धालुओं ने सरगुजा की आराध्य देवी मां महामाया मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। बाबा 11 सेवा समिति के तत्वावधान में निकले इस जत्थे में करीब 20 से 25 श्रद्धालु शामिल हैं। समिति के सदस्यों ने बताया कि वे पिछले लगभग 25 वर्षों से लगातार सावन माह में बाबा बैजनाथ धाम जाकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक और दर्शन करते आ रहे हैं। इस धार्मिक परंपरा को समिति आज भी पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ निभा रही है। यात्रा में समिति के जयशंकर साहू, गांधी पासवान, जसवंत सिंह, अविनाश तिवारी, आशीष, सतीश यादव सहित अन्य श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालुओं में बाबा बैद्यनाथ के दर्शन को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। बोल बम और हर-हर महादेव के जयघोष के बीच श्रद्धालुओं का जत्था देवघर के लिए रवाना हुआ। समिति के सदस्यों ने बताया कि बाबा बैजनाथ धाम पहुंचकर सभी श्रद्धालु विधि-विधान से भगवान शिव का जलाभिषेक कर प्रदेश और क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करेंगे।

### गुरु रविदास की 650वीं जयंती पर चलेगा समरसता संकल्प अभियान




**राजपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित किए जाने वाले देशव्यापी समरसता संकल्प अभियान की जानकारी देने के लिए राजपुर स्थित स्थानीय रेस्ट हाउस में जिला स्तरीय प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेसवार्ता को भाजपा के प्रदेश मंत्री शिवनाथ यादव ने अभियान के उद्देश्य और कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह अभियान 29 जुलाई से प्रारंभ होकर 20 फरवरी तक राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला, मंडल और ग्राम स्तर पर संचालित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य संत गुरु रविदास महाराज के समता, सामाजिक न्याय, मानवता, सेवा, सद्भाव और सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना तथा विकसित भारत के निर्माण में सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित करना है।उन्होंने कहा कि इसके अलावा कलश वंदन अभियान के तहत वाराणसी स्थित गुरु रविदास जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर की पवित्र मिट्टी से भरे कलश विभिन्न राज्यों, जिलों और गांवों तक पहुंचाए जाएंगे। यह कलश बुधवार को अंबिकापुर पहुंचेगा, जहां से संभाग और जिला स्तर पर वितरण किया जाएगा। इस दौरान प्रवीण अग्रवाल, जगवंशी यादव,धरम सिंह, दीपक मित्तल, संतोष तिवारी सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

वाड्रफनगर। बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से दो बाइक बरामद किया है। बताया जा रहा है कि नगर के वार्ड क्रमांक 9 निवासी सचीव कुशवाहा आ. भोला राम 24 जून की रात अपनी बाइक क्रमांक सीजी सीजी 30 सी 7930 को घर के बाहर रखकर सो गया था।

## जाम लगने से राहगीर सहित क्षेत्र के लोग हलाकान

# बतौली-बगीचा मार्ग की अधूरी पाइप पुलिया निर्माण ने बढ़ाई क्षेत्रवासियों की परेशानी



पाइप लगाने के लिए सड़क में खोदे गए गड्ढे।



वाहनों की लगी कतार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

राजकीय राजमार्ग बतौली से बगीचा जशपुर पहुंच मार्ग में अधूरे पाइप पुलिया निर्माण से नगरवासियों सहित राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। आलम यह है कि गड्ढे न सिर्फ लोगों के लिए खतरनाक बन गया है बल्कि हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। हैरानी की बात तो यह है कि सड़क के कीचड़ में तब्दील हो जाने के बावजूद पी डब्ल्यू डी विभाग पाइप पुलिया के निर्माण को लेकर गंभीर नहीं है जिसका खामियाजा मार्ग से गुजरने वाले राहगीर एवं क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

**खास बातें**

- पुलिया के लिए खोदे गए गड्ढे लोगों के लिए बना खतरनाक
- बारिश के बाद कीचड़ में तब्दील सड़क, पैदल चलना हुआ दूभर

राजकीय राजमार्ग बतौली से बगीचा जशपुर पहुंचने हेतु लगभग 16 किलोमीटर के जर्जर सड़क के नव निर्माण हेतु शासन द्वारा 33 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है जहां गर्मी में ही संबंधित विभाग द्वारा बतौली से बिलासपुर धान खरीदी केंद्र तक की 4 किलोमीटर जर्जर सड़क को पहले निर्माण किया जा रहा है जहां पुरानी सड़क को उखाड़ जेएसबी किया गया है उसकी हालत बारिश के बाद और भी दयनीय हो गई है। मुख्य सड़क में पानी जमाव को दूर करने विभाग द्वारा पाइप पुलिया का निर्माण वर्तमान में किया जा रहा है जबकि दूसरा पाइप पुलिया का निर्माण बिलासपुर पुलिया के समीप लगभग 400 मीटर की दूरी में किया जा रहा है। दोनों जगह गड्ढा खोदकर पाइप डाल पुलिया का निर्माण कर पानी जमाव को खत्म करने पहल तो किया गया लेकिन लापरवाही से आज बतौली स्थित दुकान के समीप अधूरे पाइप पुलिया निर्माण के कारण लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। सुबह स्कूली वैन फंस जाने से जहां बच्चों को उतार पैदल ही कीचड़ के रास्ते से जाना पड़ा। इधर वैन के फंस जाने के कारण वाहनों की लंबी कतार लग गई। मार्ग में इस तरह आए दिन जाम लगने के कारण राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### तेज आंधी बारिश से सेदम घाट सड़क पर गिरा विशाल पेड़, आवागमन प्रभावित

सोमवार की दोपहर बतौली क्षेत्र में आंधी बारिश से सेदम घाट सड़क पर विशाल महुआ का पेड़ गिर जाने से मार्ग अवरुद्ध हो गया जिससे लोगों को आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में बारिश व तेज आंधी से सेदम से मैनपाट जाने वाली एकांगी मार्ग में महुआ का पेड़ दोपहर 3 बजे गिर गया। वर्षो पुराने पेड़ के गिर जाने से गोविंदपुर, मूर्तादांड़,बागपानी जाने वाले लोग प्रभावित रहे वही स्कूल जाने वाले छात्र छात्राओं को पैदल 4 किलोमीटर चल के जाना पड़ा जबकि दैनिक कार्यों से निकले लोगों को एकांगी मार्ग बंद होने से 20 किलीमीटर अतिरिक्त सफर कर घर जाना पड़ा। गनीमत था कि जिस समय पेड़ सड़क पर गिरा उस समय बारिश होने के कारण मार्ग से कोई था नहीं तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।



### दुर्घटना की संभावना

पाइप पुलिया के निर्माण के लिए पर्याप्त साधन उपलब्ध है लेकिन पी डब्ल्यू डी विभाग की सुस्त रवैया से कारण एक पाइप पुलिया का निर्माण करने महीनों लग रहा है। इधर पुलिया निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे अब राहगीरों के लिए दुर्घटना का कारण बन सकता है। निर्माणाधीन पाइप पुलिया के समीप सांकेतिक चिन्ह भी नहीं लगाया गया है जिससे हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ऐसे में पुलिया का निर्माण जल्द नहीं किया गया तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

### कीचड़ से सराबोर सड़क, पुलिया मरम्मत की मांग

पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क की जर्जर हालत को दूर करने 33 करोड़ की लागत से सड़क निर्माण तो करा रहा है लेकिन जेएसबी करने के बाद बतौली में हो रही लगातार बारिश से बतौली चौक से कॉलेज पहुंच मार्ग तक की सड़क कीचड़ से सराबोर है। ऐसे में कीचड़ में तब्दील सड़क से छात्राओं को पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। लगातार बारिश से अधूरे पुलिया निर्माण के कारण आए दिन जाम की स्थिति भी निर्मित हो रही है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से अधूरे पुलिया निर्माण को जल्द निर्माण कर स्थिति में सुधार करने की मांग की है जिससे राहगीरों को आवागमन करने में सहूलियत हो सके।



## जर्जर सड़क एवं क्षतिग्रस्त पुल को लेकर युवाओं ने किया सांकेतिक चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम संजयनगर से बनारस मार्ग तक जर्जर पड़ी सड़क और ग्राम राजापुर–कैलाशपुर के बीच बेलसोता नाला पर क्षतिग्रस्त पुल की समस्या को लेकर सोमवार को क्षेत्र में जनआक्रोश खुलकर सामने आया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत युवा कांग्रेस के नेतृत्व में संजयनगर महावीरपुर स्थित एनएच 43 पर ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने सांकेतिक चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया।

- सूरजपुर एसडीएम से 15 दिनों में वैकल्पिक व्यवस्था का आश्वासन मिलने पर स्थगित किया गया आंदोलन

प्रदर्शन के दौरान लोगों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए जल्द सड़क और पुल की समस्या का समाधान करने की मांग उठाई। प्रदर्शन में शामिल लोगों का कहना था कि लंबे समय से मूलभूत सुविधाओं के अभाव में क्षेत्र की जनता परेशान है, लेकिन बार-बार ज्ञापन देने के बावजूद जिम्मेदार विभागों ने अब तक कोई ठोस पहल नहीं की। इसी नाराजगी के चलते लोगों को सड़क पर उतरकर आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ा। युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि ग्राम संजयनगर से बनारस मार्ग तक की सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे और उखड़ी हुई सड़क के कारण रोजाना राहगीरों, स्कूली बच्चों, बाइक सवारों और ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग क्षेत्र के कई गांवों को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है, जिसकी अनदेखी आम जनता की सुरक्षा से खिलवाड़ है। राजापुर और कैलाशपुर के बीच स्थित बेलसोता नाला पर बना पुल लगभग एक वर्ष पहले क्षतिग्रस्त हो गया था। बारिश के मौसम में पुल से आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है, जिससे कई गांवों का मुख्य मार्ग से संपर्क टूट जाता है। ग्रामीणों को कई किलोमीटर का अतिरिक्त सफर तय करना पड़ता है। पुल निर्माण की स्वीकृति और तब तक वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में रपटा निर्माण की मांग भी कई बार प्रशासन से की गई, लेकिन अब तक कोई कार्य शुरू नहीं हुआ। हाल ही में कलेक्टर सूरजपुर को भी आवेदन देकर सड़क की तत्काल मरम्मत और बेलसोता नाला पर पुल निर्माण अथवा वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की गई थी। बावजूद इसके प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई नहीं होने से क्षेत्रवासियों में नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है। चक्काजाम की सूचना मिलते ही सुरजपुर एसडीएम शिवानी जायसवाल, लटोरी तहसीलदार तक्षशिला जायसवाल, एसडीओपी अभिषेक पैकरा, जयनगर प्रभारी थाना प्रभारी सोहन सिंह, लटोरी चौकी प्रभारी सुनील सिंह, पीएमजीएसवाई के अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से चर्चा की। इस दौरान सूरजपुर एसडीएम शिवानी जायसवाल ने 15 दिनों के भीतर बेलसोता नाला पर वैकल्पिक व्यवस्था के तहत शुरू हुए ग्राम पंचायत कंदरई बासेनपारा में सड़क मरम्मत कार्य व संजयनगर महावीरपुर में बनारस बाई पास मार्ग का मरम्मत कराने आश्वासन दिया है। प्रशासन के आश्वासन उपरांत आंदोलन को स्थगित कर दिया गया। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष शशि सिंह, संजय डोसी, वेद प्रकाश मिश्र, बबीता गुप्ता, लिली राजवाड़े, कंवल बिहारी टेकाम, प्रेम , सुनील, संजीत, अभिषेक, विनय, तपन, राहुल सिंह, अभय लकड़ा, गोविंदा, विक्की वैष्णव व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आत्मनिर्भर बनाने दिव्यांग परिवार को ब्राह्मण समाज ने दी 30 हजार की आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



सरगुजा संभागीय सर्व ब्राह्मण समाज ने सामाजिक सरोकार, सेवा भावना एवं मानवीय संवेदनाओं का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए बतौली विकासखंड अंतर्गत ग्राम सुवार पारा निवासी दिव्यांग विप्र राजेश कुमार शुक्ला को समाज के सहयोग से 30 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान की। यह सहायता समाज के अध्यक्ष आई. बी. तिवारी एवं महिला समिति की संभागीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक श्रीमती रजनी रविशंकर त्रिपाठी के नेतृत्व में पहुँचे प्रतिनिधिमंडल ने उनके निवास पर प्रदान की।

प्रतिनिधिमंडल ने राजेश कुमार शुक्ला एवं उनके परिवार की परिस्थितियों का अवलोकन किया तथा उनसे आत्मीय चर्चा कर उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि प्राप्त सहयोग राशि का उपयोग शेड निर्माण एवं बिजली कनेक्शन के लिए करें, ताकि उनकी आटा चक्की एवं स्पेलर मशीन का संचालन शीघ्र प्रारंभ हो सके और वे स्वयं के रोजगार के माध्यम से सम्मानपूर्वक अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें। समाज के वरिष्ठ सदस्य बतौली निवासी जीतेश्वर पाठक से पदाधिकारियों ने अपने मार्गदर्शन एवं देखरेख में दिव्यांग परिवार के स्वरोजगार को शीघ्र प्रारंभ कराने में सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया तथा कहा कि आर्थिक सहायता तभी सार्थक होती है, जब वह किसी परिवार को स्थायी रूप से आत्मनिर्भर बनाने का माध्यम बने। समाज के अध्यक्ष श्री तिवारी ने कहा कि सरगुजा संभागीय सर्व ब्राह्मण समाज केवल सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के जरूरतमंद परिवारों के सुख-दुःख में सहभागी बनकर उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने समाज के सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक संवेदना, सेवा भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचायक है। महिला समिति की संभागीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक श्रीमती रजनी रविशंकर त्रिपाठी ने कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक शक्ति उसकी एकजुटता और परस्पर सहयोग की भावना में निहित होती है। उन्होंने समाज के सदस्यों से इसी प्रकार जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए आगे आने का आह्वान किया। इस दौरान सचिव बच्चू तिवारी, सत्येंद्र तिवारी, देवकी त्रिपाठी, ज्योति द्विवेदी, स्मिता तिवारी, देवेश शुक्ला, अभिषेक शर्मा, विकास पांडेय, बृजेश ओझा, कृपासिंधु मिश्रा, प्रेम शंकर द्विवेदी, राजीव मिश्रा एवं रविंद्र तिवारी उपस्थित रहे।

- ब्राह्मण समाज ने सेवा, संवेदना और सामाजिक एकता का दिया संदेश

### ई-टिकटों के अवैध कारोबारी गिरफ्तार

**रायगढ़।** रेलवे सुरक्षा बल ने अवैध रूप से रेलवे ई-टिकट बनाने के कारोबार पर कार्रवाई करते हुए एक मोबाइल एवं फोटो कॉपी दुकान संचालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ रेलवे अधिनियम की धारा 143 के तहत मामला दर्ज किया गया है। जांच में सामने आया कि वह बिना किसी वैध अधिकृत लाइसेंस के पिछले करीब तीन वर्षों से रेलवे ई-टिकट बनाकर प्रत्येक टिकट पर अतिरिक्त कमीशन वसूल रहा था। मिली जानकारी के अनुसार, 25 जुलाई 2026 को प्रभारी आरपीएफ की टीम ने जूटमिल थाना पुलिस के सहयोग से कबीर चौक, उड़ीसा रोड स्थित महेंद्र मोबाइल फोटो कॉपी नामक दुकान पर दबिश दी। सूचना मिली थी कि दुकान में अवैध रूप से रेलवे ई-टिकट बनाए जा रहे हैं। जांच के दौरान दुकान संचालक प्रेमसागर साहू 35 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 34, कबीर चौक से पूछताछ की गई। उसकी सहमति से दुकान में रखे कंप्यूटर की जांच की गई। जांच में एक व्यक्तिगत यूजर आईडी से बनाए गए 15 रेलवे ई-टिकट मिले।

## जमीन बिक्री का सौदा कर किसी अन्य को बेच दी भूमि, जुर्म दर्ज

**बिश्रामपुर।** जमीन बेचने के नाम पर लाखों रुपए की कथित ठगी का मामला सामने आया है। जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम कोरेया की भूमि के सौदे में अग्रिम राशि लेने के बावजूद जमीन किसी अन्य व्यक्ति के नाम रजिस्ट्री कर देने का आरोप लगाते हुए बलरामपुर निवासी एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी। मामले की जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

जयनगर थाना में दर्ज शिकायत में प्रार्थिया 35 वर्षीय मीना राजवाड़े पति नारायण राम निवासी ग्राम पंचायत बलरामपुर बिश्रामपुर ने बताया कि एसईसीएल द्वारा उनकी जमीन अधिग्रहित किए जाने के बाद परिवार अपने पिता के लिए नया मकान बनाने हेतु दूसरी जमीन की तलाश कर रहा था। इसी दौरान उनके मामा हृदय राजवाड़े ने ग्राम कोरेया में सड़क किनारे स्थित 22 डिसमिल भूमि की जानकारी दी। बताया गया कि यह भूमि गंगोत्री पत्नी सोनसाय के नाम पर दर्ज है और मकान निर्माण के लिए उपयुक्त है। शिकायत के अनुसार 29 दिसंबर 2021 को मीना राजवाड़े उनके पिता राजनाथ, मामा हृदय राजवाड़े, पति नारायण राम तथा अन्य परिजन सोनसाय के घर पहुंचे। बातचीत के दौरान सोनसाय ने स्वयं को भूमि का प्रबंधनकर्ता बताते हुए 22 डिसमिल भूमि, खसरा नंबर 1299/2 की कीमत 16 लाख रुपए तय की। सौदा पक्का होने पर मीना राजवाड़े ने बयाना दिया। इसके बाद आरोपी ने कथित रूप से अपनी पत्नी के इलाज का हवाला देकर तत्काल पैसों की आवश्यकता बताई और रजिस्ट्री के समय राशि समायोजित करने का भरोसा दिया। शिकायत के मुताबिक 7 मार्च 2022 को 1 लाख रुपए, इसके अलावा 20-20 हजार रुपए की दो और किश्तें दी गईं। इस तरह कुल 1 लाख 41 हजार रुपए आरोपी को दिए गए। मामले में नया मोड़ तब आया जब खरीदार पक्ष भूमि की चौहद्दी और दस्तावेजों की जांच कराने पटवारी के पास पहुंचा। वहां जानकारी मिली कि संबंधित भूमि पर आरोपी के सास-ससुर की दो कब्रें बनी हुई हैं।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि सौदा करते समय इस तथ्य को जानबूझकर छिपाया गया था। इसके बाद उन्होंने जमीन खरीदने से इनकार कर दिया और अपनी अग्रिम राशि वापस मांगी।

TOP IN KORIYA
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग
◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग
◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
हम रखते हैं आपकी आँखों का ख्याल
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## संत रविदास के सामाजिक समरसता का संदेश घर-घर पहुंचाएगी भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं समरसता संकल्प अभियान के प्रदेश संयोजक अखिलेश सोनी ने संकल्प भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा एकमात्र राजनीतिक पार्टी है जो एक वैचारिक आंदोलन भी है। यह वैचारिक आंदोलन हमें प्रेरित करता है कि समाज को जोड़ने का काम कैसे करें।

एक तरफ ऐसी शक्तियां है जो भारत विरोधी ताकतों के साथ मिलकर देश को कमजोर करने का प्रयास कर रही है समाज में जाति, भेदभाव के नाम से राजनीति करती है लेकिन भाजपा की प्रतिबद्धता है समाज में एकता सामाजिक समानता, सामाजिक न्याय और समावेशिता। इसी प्रतिबद्धता के निमित्त भाजपा देशव्यापी अभियान शुरू कर रही है। संत रविदास की जयंती से पूरे देश में यात्रा होगी, संपर्क होगा और गुरू रविदास के जीवन से जुड़े दर्शन उनके विचारों को लेकर हम पूरे देश में जाने वाले है। उन्होंने कहा कि सरल बातों में महत्वपूर्ण बातें कैसे कही जाती है यह हमें गुरू रविदास बताते हैं। मीरा बाई उनकी शिष्या रही, रामानंद के वे शिष्य रहे, कबीर, रविदास, गुरू नानक हमारे इतिहास के प्रहरी है। आज हमें उनसे सीखने की आवश्यकता है। हमारा परिवार है, हमारा दर्शन, हमारा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद है, हमारा सिविलाइजेशन है और उस सिविलाइजेशन कॉन्शनेस के माध्यम से भाजपा ने बड़ा ही पावन पवित्र काम हाथ में लिया है। इस अभियान के तहत पूरे देश में कलश यात्रा निकलेगी, छात्रावास में हम संपर्क करेंगे। संत रविदास हमारे लिए प्रेरणापुंज है। सामाजिक एकता का विषय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबा साहेब अंबेडकर से जुड़े सभी स्थानों को तीर्थ का दर्जा दिया। आज पूरे देश में भारत विरोधी ताकतें सक्रिय हो जाती है, ऐसे में एक सक्रिय नागरिक होने के नाते सामाजिक समरसता हम सबका दायित्व है। श्री सोनी ने कहा कि अगले वर्ष की माघ पूर्णिमा तक संत गुरू रविदास के जन्म जयंती तक हमारा यह अभियान सक्रियता से चलेगा और पूरी पार्टी समाज के हर वर्ग में जाकर सुनिश्चित करने का काम करेगी कि कैसे हम आज भी संत गुरू रविदास के संदेश से प्रेरणा लें और समाज में एकता और समानता का संदेश दें। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, प्रदेश प्रवक्ता एवं कार्यक्रम प्रभारी संतोष दास, जिला महामंत्री विनोद हर्ष, अरूणा सिंह, गुरू पूर्णिमा जिला प्रभारी विद्यानंद मिश्रा, मीडिया प्रभारी रूपेश दुबे एवं जन्मेजय मिश्रा आदि उपस्थित थे।



# दिवाली से पहले आएगा लव एंड वॉर का फर्स्ट लुक

**नई दिल्ली।** संजय लीला भंसाली की लव एंड वॉर इस वक्त सबसे बड़ी और सबसे ज्यादा इंतजार की जा रही फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 21 जनवरी 2027, यानी रिपब्लिक डे वीकेंड पर दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। भंसाली के शानदार स्टोरीटेलिंग स्टाइल और भव्य विजुअल्स से सजी यह फिल्म दर्शकों को बड़े पर्दे पर एक शानदार और इमोशनल अनुभव देने वाली है। फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी। इसी बीच फिल्म को लेकर एक बड़ी अपडेट सामने आई है। फिलहाल फर्स्ट लुक पर काम चल रहा है और उम्मीद है कि इसे दिवाली 2026 से पहले रिलीज कर दिया जाएगा।

लाइफ Style

# निहारिका

## इंटीमेट सीन के चक्कर में हाथ से गई फिल्म

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

निहारिका एनएम फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' से बॉलीवुड डेब्यू करने को तैयार हैं। इस बीच उन्होंने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। कंटेंट क्रिएटर के तौर पर अपनी पहचान बनाने वाली निहारिका एनएम ने साल 2023 में अमेरिकी सिटकॉम 'बिग माउथ सीजन 7' में गेस्ट वॉइस रोल के साथ अपने करियर को ग्लोबल लेवल पर पहुंचाया।

एक्टिंग सफर की शुरुआत पिछले साल तमिल फिल्म 'पेरुसु' से हुई थी। इसके बाद उन्होंने मित्रा मंडली और इधयम मुरली में भी काम किया। अब वे बॉलीवुड में डेब्यू करने की तैयारी कर रही हैं। निहारिका एनएम फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' से हिंदी फिल्मों में बोहनी कर रही हैं। वे राघव जुयाल के साथ स्क्रीन साझा करती दिखेंगी। इस बीच अभिनेत्री ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। उनका कहना है कि इंटीमेसी क्लॉज की वजह से उन्हें एक फिल्म से हाथ धोने पड़े थे। वे बोल्ड सीन करने के तैयार नहीं थीं। एक घटना को याद करते हुए वे बताती हैं, 'एक फिल्म मुझे करनी थी। इसे एक बहुत बड़े डायरेक्टर बना रहे थे। उन्होंने मुझे खुद चुना था। मैंने उस रोल के लिए ऑडिशन दिया था और लुक टेस्ट भी हो गया था'। निहारिका ने आगे कहा, 'मेरे घर पर कॉन्ट्रैक्ट भेजा गया था और मैंने उस पर साइन कर दिया। उसमें इंटीमेट सीन से जुड़ी एक शर्त थी और मैंने उन्हें बता दिया था कि मैं ऑन-स्क्रीन इंटीमेसी करने में सहज नहीं हूं। वे इसके लिए तैयार थे और बॉडी डबल का इस्तेमाल करने की योजना बना रहे थे। लेकिन, एक्टर बॉडी डबल के साथ वह सीन करने के लिए तैयार नहीं थे।



## हॉलीवुड मसाला



# स्पाइडर-मैन ... से किसिंग सीन हटे

**मुंबई।** फिल्म 'स्पाइडर-मैन- ब्रांड न्यू डे' 31 जुलाई को रिलीज होने जा रही है। भारत में भी फिल्म रिलीज होगी। सेंसर बोर्ड ने तीन बदलावों के निर्देश के बाद भारत में 'स्पाइडर-मैन- ब्रांड न्यू डे' की रिलीज को मंजूरी दे दी है। इन बदलावों के बावजूद फिल्म की पीटर पार्कर वाली डार्क कहानी और एक्शन सीन वैसे ही रहेंगे। बता दें कि 'स्पाइडर-मैन-ब्रांड न्यू डे' भारतीय सिनेमाघरों में इस गुरुवार को रिलीज होगी। सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने इसे यूए 13+ सर्टिफिकेट के साथ रिलीज करने की मंजूरी दे दी है।



# एवेंजर्स डूम्सडे का ट्रेलर कल होगा रिलीज...

**नई दिल्ली।** एवेंजर्स डूम्सडे फिल्म का बजट 4500 करोड़ रुपए है। इसमें ऐसे 23 सुपरहीरो हैं जो दुनिया के सबसे खतरनाक विलेन से टकराने जा रहे हैं। 'एवेंजर्स: डूम्सडे' का ट्रेलर विशेष रूप से 'स्पाइडर-मैन: ब्रांड न्यू डे' के साथ दिखाया जाएगा, जो 30 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। ट्रेलर फिल्म के सभी भाषा संस्करणों के साथ दिखाया जाएगा, जिससे दर्शकों और इस भव्य सुपरहीरो फिल्म के प्रशंसकों को एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव मिलेगा। मार्वल स्टूडियो की 'एवेंजर्स: डूम्सडे' का निर्देशन एंथनी रूसो और जो रूसो ने किया है।फिल्म का निर्माण केविन फेग, लुई डी'एस्पोसिटो और जोनाथन श्वार्ट्ज ने किया है।फिल्म में रॉबर्ट डाउनी जूनियर, क्रिस इवांस, क्रिस हेम्सवर्थ, पेड्रो पास्कल, पॉल रुड, एंथनी मैकी, फ्लोरेंस प्यू, वनेसा किर्बी, एबन मॉस-बाकरैक आदि नजर आएंगे।



# मॉम-2 में खुशी निभाएंगी लीड रोल...

**मुंबई।** महान अभिनेत्री श्रीदेवी की फिल्म 'मॉम' 2017 में आई थी, जो बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी। अब करीब 9 साल बाद इसका सीक्वल बनने जा रहा है, जिसको लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। खुशी कपूर अब फिल्म 'मॉम 2' में लीड रोल निभाने जा रही हैं। यह 2017 की हिट फिल्म मॉम का सीक्वल है और इसे नवंबर 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज करने की तैयारी है। इस फिल्म को उनके पिता बोनी कपूर प्रोड्यूस कर रहे हैं, और इसकी शूटिंग नोएडा और ग्रीस में हुई है। 'मॉम 2' का कनेक्शन श्रीदेवी के उस यादगार किरदार से जुड़ा होगा, जिसने उन्हें खास पहचान दिलाई थी। 'मॉम' श्रीदेवी की आखिरी फिल्म थी, ऐसे में यह प्रोजेक्ट खुशी कपूर के लिए काफी इमोशनल और खास माना जा रहा है, क्योंकि वह अपनी मां की विरासत को आगे बढ़ाती नजर आएंगी।



# बंटवारा 1947 का ट्रेलर है दमदार

**मुंबई।** आमिर खान प्रोडक्शंस की फिल्म 'बंटवारा 1947' में सनी देओल लीड रोल में हैं। सोमवार को इस फिल्म का ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज किया है। यह फिल्म 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के ट्रेलर में 1947 के बंटवारे का समय दिखाया गया है। इसमें एक परिवार की कहानी है, जिसकी जिंदगी बंटवारे की हिंसा, डर और जबरन पलायन की वजह से बदल जाती है। जो लोग कभी साथ रहते थे, वो अब बंटवारे के कारण बिछड़ गए हैं। इसी बीच सनी ट्रेलर में एक ऐसे शख्स के किरदार में नजर आते हैं, जो किसी भी हाल में अपने जमीर से समझौता नहीं करता है। वहीं, शबाना आजमी एक बुजुर्ग महिला के रोल में हैं, जो इंसानियत पर सबका भरोसा बनाए रखती हैं। प्रीति जिंटा भी ट्रेलर में नजर आती हैं, वह बंटवारे के मुश्किल दौर का सामना मजबूती से करती नजर आती हैं।

## टीवी मसाला



# एल्विश-तेजस्वी व आरुष संभालेंगे प्लेग्राउंड सीजन-5 का कमान

**नई दिल्ली।** गेमिंग रियलिटी शो 'प्लेग्राउंड सीजन 5' अपने अब तक के सबसे बड़े और खास फॉर्मेट के साथ वापसी के लिए तैयार है, जिसमें तीन मेंटर्स का एक पैनल शामिल होगा। दो बार के चैंपियन एल्विश यादव 'केओ क्रैकेंस' की कमान संभालेंगे, जबकि तेजस्वी प्रकाश 'रेजिंग सेंटॉर्स' की मेंटर के तौर पर डेब्यू करेंगी। उनके साथ आरुष भोला भी होंगे, जो 'पावर फीनिक्स' की जिम्मेदारी संभालेंगे। छह हफ्ते तक चलने वाले इस सीजन 5 में तीन टीमें जबर्दस्त मुकाबला करेंगी, ताकि आखिर में सिर्फ एक 'मास्टरमाइंड' विजेता बन सके। शो 'प्लेग्राउंड सीजन 5' का ट्रेलर सोमवार का जारी हो चुका है। 'प्लेग्राउंड सीजन 5' का प्रीमियर 1 अगस्त को होगा। यह प्राइम वीडियो की तरफ से एमएक्स प्लेयर पर खास तौर से मुफ्त में स्ट्रीम किया जाएगा। ट्रेलर की शुरुआत में सभी मेंटॉर अपनी-अपनी दुनिया में खोए हुए दिखते हैं। तभी अचानक उनके आस-पास की असलियत में गड़बड़ी होने लगती है। एक-एक करके उन्हें एहसास होता है कि उन्हें मेंटॉर के तौर पर लॉक कर दिया गया है। सीधे असल जिंदगी वाले गेमिंग की दुनिया में खींच लिया गया है, जहां उन्हें एक-दूसरे का मुकाबला करना है। इस कॉम्पिटिशन में धीरे-धीरे ढलने का कोई समय नहीं है। मेंटॉर को हालात के हिसाब से खुद को ढालना होगा। अपग्रेड करना होगा और अपना दबदबा बनाना होगा, क्योंकि इस गेम में सब कुछ एक पल में खत्म हो सकता है।

## मैं अपने घर की डोर मैट थी : शिल्पा

**नई दिल्ली।** शिल्पा शिंदे ने 'लॉकअप 2' हालिया एपिसोड में दूसरे प्रतियोगियों के सामने अपने बिगड़ चुके पारिवारिक रिश्तों का जिक्र किया। एक्ट्रेस ने बताया कि जब उनकी कंधे की सर्जरी हुई तो उन्हें उनके ही घर से निकाल दिया गया था। शिल्पा शिंदे 'लॉकअप 2' में कहती हैं, 'हर्षद चोपड़ा आपको मैंने पहले चेताया था कि लोग आपका इस्तेमाल करते हैं। डोर मैट की तरह इस्तेमाल करते हैं। मैं भी अपने घर की डोर मैट थी। कुछ साल पहले मेरे कंधे की सर्जरी हुई थी। सर्जरी के पांच दिन बाद मुझे मेरे ही घर से निकाल दिया गया था। आपको लगेगा कि क्या मेरे परिवार वाले इतने बुरे हैं। तो देखिए, मेरे लिए ऐसी सिचुएशन बना दी गई थी। उन्हें पता था कि मैं सेल्फ रेस्पेक्ट वाली लड़की हूं। इसलिए मैं अपना घर छोड़ दिया। दरअसल, मेरा भाई अपनी वाइफ के इंफ्लुएंस में आ गया था और मेरी मां भाई की बातों को मानती थीं।' कुछ हफ्ते पहले योगेश रावत शो से बाहर हुए थे। अब सूफी मोतीवाला और धीरज कपूर भी शो से बाहर हो चुके हैं।



# सावन की दस्तक से पहले 'मैं दीवानी महाकाल की' गाना रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अदाकारा अक्षरा सिंह अपनी गायिकी के लिए भी मशहूर हैं। सावन की दस्तक से पहले उन्होंने महादेव को समर्पित भक्ति सॉन्ग रिलीज किया है। भोजपुरी इंडस्ट्री की क्वीन अक्षरा सिंह अब बॉलीवुड में पहचान बना चुकी हैं। उन्हें अक्षय कुमार के साथ 'वेलकम टू द जंगल' के एक गाने में देखा गया था। इसके अलावा उन्हें श्रद्धा कपूर की आगामी फिल्म 'ईठा' में देखा जाएगा। इस बीच अक्षरा अपने नए गाने को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। सावन का महीना शुरू होने वाला है। कोई भी त्योहार हो, भोजपुरी इंडस्ट्री में नए गानों की खूब बहार आती है। खेसारी लाल यादव से लेकर अक्षरा सिंह, पवन सिंह तक कई सितारे सावन के महीने में नए गाने लेकर आते हैं। अक्षरा सिंह ने यह सिलसिला शुरू कर दिया। उनका गाना 'मैं दीवानी महाकाल' की सोमवार को रिलीज हो गया है। अक्षरा सिंह अदाकारी के साथ-साथ सिंगिंग में भी माहिर हैं। अब उन्होंने अपने फैंस को नए गाने का तोहफा दिया है। यह भक्ति सॉन्ग अक्षरा सिंह के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। अक्षरा सिंह गाने में महादेव की भक्ति के रंग में रंगी दिख रही हैं। आर्मी प्रिंट आउटफिट में वे बुलेट पर सवार होकर जा रही हैं। रुद्राक्ष की माला धारण कर वे यह गाना गुनगुना रही हैं। इसके बाद शिवलिंग के आगे बैठकर पूजा करती हैं और फिर कुछ साधु-संतों से मिलकर आशीर्वाद लेती हैं। बता दें कि अक्षरा सिंह महादेव की भक्त हैं। अक्सर वे काशी विश्वनाथ दर्शन करने जाती हैं। इस गाने की रिलीज से पहले अभिनेत्री अपनी मां के साथ उज्जैन महाकाल के दर्शन करने पहुंची थीं। अक्षरा के गाने पर फैंस की सकारात्मक प्रतिक्रिया आ रही है। यूजर्स ने लिखा है, 'हम बहुत दिनों से आपके गाने का इंतजार कर रहे थे'।



# अजीब हिंदी फिल्मों में गिनी जाती है नीचा नगर, बनाया था ऐसा रिकॉर्ड जो आज तक कोई नहीं तोड़ पाया

**नई दिल्ली।** भारतीय सिनेमा की ऑडियंस आज ज्यादा से ज्यादा ऑथेन्टिक और ऑरिजनल फिल्मों की डिमांड कर रही है। हालांकि, बीच में एक लंबे वक्त तक सिर्फ एक ही नपे-तुले ढर्रे पर बनाई गई फिल्मों को ही लोगों ने प्यार दिया है। हालांकि, बात अगर 70-80 के दशक की करें तो उन दिनों बॉलीवुड डायरेक्टर्स ज्यादा से ज्यादा क्रिएटिव होने की कोशिश कर रहे थे। आज हम आपको ऐसी ही एक बहुत यूनिक फिल्म के बारे में बताने जा रहे हैं। आज अगर इस तरह की फिल्म बनाई जाए, तो ज्यादा संभावना इस बात की है, कि यह बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट जाएगी, लेकिन उन दिनों इस फिल्म ने कामयाबी के झंडे गाढ़ दिए थे। बल्कि, सच तो यह है कि अगर आपने गलती से कभी इस फिल्म की क्लिप्स रील्स में देखी होंगी तो शायद कोई क्रिंज पिक्चर समझकर आगे बढ़ गए होंगे। ज्यादातर लोग अभी भी इसे बहुत अजीब फिल्म समझते हैं, वजह है इसका बहुत अलग होना।



### 1946 में कर दिया ऐसा कमाल

जितनी दिलचस्प इस फिल्म की कहानी है, उससे कहीं ज्यादा दिलचस्प है इसे बनाने वाले डायरेक्टर की कहानी। इस फिल्म के डायरेक्टर चेतन आनंद थे, जिन्हें आज भी ज्यादातर लोग देव आनंद का भाई समझते हैं। हालांकि, उनकी अपनी अलग पहचान थी और कम लोग जानते हैं कि चेतन भारतीय सिनेमा की पहचान माने जाने वाले सत्यजीत रे की प्रेरणा थे। दरअसल, चेतन ने साल 1946 में अपनी फिल्म 'नीचा नगर' के जरिए वो करिश्मा कर दिखाया था, जो आज भी कोई दूसरी हिंदी फिल्म नहीं कर पाई है। चेतन की इस फिल्म ने कान फिल्म फेस्टिवल में ग्रांड प्राइज जीता था।

### फिल्म जिसमें हर कोई कविता में करता है बात

उनकी इसी उपलब्धि के बाद सत्यजीत रे ने उन्हें लेटर लिखा कि आपकी वजह से मुझे फिल्म बनाने की हिम्मत मिली है। इतनी बड़ी कामयाबी के बाद चेतन आनंद ने एक और मील का पत्थर रखने का फैसला किया था। उन्होंने 1970 में तय किया कि वह एक ऐसी फिल्म बनाएंगे, जिसका हर डायलॉग किसी कविता की तरह होगा। इस फिल्म में कोई हल्की-फुल्की स्टार कास्ट नहीं थी। राज कुमार, पृथ्वीराज कपूर और प्राण जैसे कमाल के एक्टर्स को कास्ट करके उन्होंने एक ऐसी फिल्म बना डाली, जिसमें हर कोई कविताओं में बात करता नजर आता है।

## हॉलीवुड स्टार्स के बाद किया था लक्स का ऐड

# 16 साल में हुई शादी, बनीं हिंदी सिनेमा की पहली ग्रेजुएट एक्ट्रेस

***नई दिल्ली।*** *बॉलीवुड ने कई अभिनेत्रियों ने अपने अभिनय और अपनी कलाकारी से अपना बड़ा नाम बनाया है। लेकिन, आज हम जिस एक्ट्रेस की बात कर रहे हैं, वो अपने समय में एक मिसाल थी और उन्होंने आने वाली पीढ़ियों के लिए नए रास्ते बनाए। उन्हें हिंदी फिल्म जगत की पहले ग्रेजुएट एक्ट्रेस कहा जाता है। उन्होंने उस पॉपुलर ब्यूटी सोप का ऐड किया, जो उनसे पहले केवल हॉलीवुड की सुंदरियां ही करती थीं। प्रोफेशनल फ्रंट पर सफलता के बावजूद उनका निजी जीवन काफी संघर्षों से भरा रहा।*



### कौन हैं वो एक्ट्रेस?

हम बात कर रहे हैं बीते जमाने की मशहूर अभिनेत्री लीला चिटनिस की। लीला चिटनिस ने बॉलीवुड में 1930 से 1980 के दशक तक काम किया। उनका जन्म 1909 में हुआ था। ये उन चुनिंदा महिला अभिनेताओं में से थीं जो ग्रेजुएट (आर्ट्स में बैचलर) थीं। वह पहली फीमेल एक्टर थीं, जो ग्रेजुएट थी। उनके पिता इंग्लिश लिटरेचर के प्रोफेसर थे। उन्होंने लीला की शादी 16 साल की उम्र में ही तय कर दी थी।

### शादीशुदा जिंदगी

लीला चिटनिस ने गजानन यशवंत चिटनिस से शादी की, जो एक डॉक्टर थे और उसी ब्रह्म समाज समुदाय से थे, जिससे उनका परिवार जुड़ा था। शादी के बाद उनके चार बेटे हुए। उनकी राजनीतिक सोच भी एक जैसी थी। उन्होंने एक बार मशहूर मार्क्सवादी स्वतंत्रता सेनानी एम.एन. रॉय को अपने घर में पनाह दी थी और ब्रिटिश राज के खिलाफ भारत की आजादी की लड़ाई में अपना योगदान दिया था।

### शराब पीने वाले पति से हो गईं अलग

हालांकि, शादी सफल न हो पाने के कारण आखिरकार वह अपने शराब पीने वाले पति से अलग हो गईं। वापस लौटने पर, उन्हें अकेले ही अपने चार छोटे बेटों की परवरिश करने की मुश्किल चुनौती का सामना करना पड़ा। उस समय ग्रेजुएट होने वाली चुनिंदा महिलाओं में से एक होने के नाते, उन्होंने एक स्कूल में पढ़ाना शुरू किया। हालांकि, प्रोग्रेसिव मराठी ग्रुप 'नाट्यमन्वंतर' के साथ थिएटर की ट्रेनिंग लेने के कारण, उन्हें एक्टिंग में ही अपना असली मकसद मिला।

### फिल्मों में शुरुआती संघर्ष

हिंदी सिनेमा में लीला चिटनिस का सफर आसान नहीं था। 'जेंटलमैन डाकू' (1937) में ब्रेक मिलने से पहले उन्होंने कई फिल्मों में एक्स्ट्रा (सहायक कलाकार) के तौर पर काम किया। इस फिल्म में उन्होंने पुरुष के वेश में एक्शन सीन भी किए थे। 1939 में 'कंगन' की बॉक्स ऑफिस सफलता के साथ ही उन्होंने आखिरकार एक लीड एक्ट्रेस के तौर पर अपनी जगह बनाई। फिल्म में उन्होंने एक हिंदू पुजारी की बेटी का किरदार निभाया, जो अपने पिता की मर्जी के खिलाफ जाकर एक स्थानीय जमींदार के बेटे से प्यार करने लगती है।

### कंगन को मिली जबरदस्त कामयाबी

बॉम्बे टॉकीज, वह मशहूर प्रोडक्शन हाउस जिसने इस फिल्म को सपोर्ट किया था, समाज की स्थापित मान्यताओं को चुनौती देने वाली फिल्में चुनने की वजह से मुश्किल दौर से गुजर रहा था। 'कंगन' फिल्म की जबरदस्त कामयाबी के बाद, लीला ने उस दौर की मशहूर अभिनेत्री देविका रानी की जगह ले ली। लीला चिटनिस ने बॉम्बे टॉकीज के एक और बड़े कलाकार अशोक कुमार के साथ कई यादगार फिल्मों में काम किया, जिनमें एन.आर. आचार्य की बंधन और आजाद (1940) और ज्ञान मुखर्जी की झूला (1941) शामिल है।

## खबर संक्षेप

### विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम



मनेन्द्रगढ़। बचपन प्ले स्कूल में 28 जुलाई 2026 को विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर,बच्चों के बीच पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति के महत्व को लेकर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नन्हे विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति प्रेम, जिम्मेदारी और संरक्षण की भावना विकसित करना था। विद्यालय की काउंसलर सोनाली दास ने बच्चों को बताया कि स्वच्छ पर्यावरण, हरियाली और जैव विविधता हमारे स्वस्थ भविष्य की नींव हैं। उन्होंने बच्चों को अधिक से अधिक पौधे लगाने, जल संरक्षण करने तथा प्लास्टिक का कम उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। बच्चों को पौधों के महत्व, वृक्षारोपण, जल बचाने और पर्यावरण को स्वच्छ रखने के सरल एवं प्रभावी उपाय भी बताए गए। आयोजन में विद्यालय की डायरेक्टर्स ज्योति ताम्रकार, आशी कक्कड़ एवम श्रीमती तोषी अग्रवाल उपस्थित रहीं।

### महिलाओं की नई उम्मीद बनी आजीविका डबरी

बैकुण्ठपुर। खेतों में किसान की मेहनत को सही उपज मिल सके उसके लिए जरूरी है कि उसके खेतों में सिंचाई की सुविधा का संसाधन उपलब्ध हो। यह संसाधन और भी महत्वपूर्ण हो जाता है जब उसके खेतों में सिंचाई की सुविधा के साथ अतिरिक्त आमदनी का जरिया भी बन जाए। इसी तरह की संकल्पना लेकर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग कोरिया द्वारा मोर गांव मोर पानी महाभियान अंतर्गत बीते दो वर्षों में जिले के 395 किसानों के खेतों में डबरी बनाई गई है। सिंचाई की सुविधा के साथ मछलीपालन जैसे विकल्प भी देने से यह डबरी अब केवल जल संसाधन नहीं बल्कि उनके परिवार के लिए एक आजीविका डबरी बन गई है। जिले में इतवारिया और तुलसी जैसी सैकड़ों महिलाओं के लिए बारिश के साथ लगातार जलमग्न हो रही इन डबरियों से मछलीपालन एक अतिरिक्त रोजगार का अवसर बनकर उभर रहा है। कोरिया जिले में दो वर्षों में ग्रामीण महिलाओं की आजीविका में बदलाव के लिए 395 आजीविका डबरियों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 25 गुणा 25 मीटर साइज की इन डबरियों को जलसंसाधन के तौर पर विकसित किया गया है। साथ ही इन डबरियों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए समूह में संलग्न परिवार की महिलाओं का नाम भी पटल पर अंकित किया गया है। इससे अपने संसाधन पर महिलाओं की सामाजिक अधिकारिता को भी विस्तार मिला है। जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेन्द्र श्रीवास ने बताया कि जिले के दोनों जनपद पंचायतों को मिलाकर दो वर्षों में 395 आजीविका डबरी का कार्य पूर्ण करा लिया गया है।

### गुरु रविदास महाराज की जयंती के पर कार्यशाला

रामानुजगंज। भाजपा जिला कार्यालय में संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650 वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आगामी हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भी विस्तृत मार्गदर्शन एवं संगठनात्मक चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि संत गुरु रविदास महाराज ने समरसता, समानता और मानवता का जो संदेश दिया, वह आज भी समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने तथा हर घर तिरंगा अभियान को जनभागीदारी का उत्सव बनाने की बात कही। मुख्य वक्ता सीतापुर विधायक राम कुमार टोप्पो ने संत गुरु रविदास महाराज के जीवन, संघर्ष और सामाजिक समरसता के लिए उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके आदर्श राष्ट्र निर्माण की मजबूत आधारशिला हैं।

## गुरु पूर्णिमा पर श्री राम मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

# गुरु की उपासना से मिलता है ईश्वर का सानिध्य : ओम नारायण

### गुरु वंदना, भजन-कीर्तन और विशाल भंडारे में सैकड़ों शिष्य हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



आषाढ़ पूर्णिमा के पावन अवसर पर मनेन्द्रगढ़ स्थित श्री राम मंदिर में गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा, आस्था और भक्ति के साथ मनाया गया। मंदिर के महंत श्री ओम नारायण द्विवेदी के सैकड़ों शिष्य प्रातःकाल से ही मंदिर परिसर में पहुंचने लगे। पूरे दिन मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठानों, गुरु वंदना, भजन-कीर्तन और सत्संग का सिलसिला चलता रहा, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर कई लोगों ने गुरु दीक्षा भी ली। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान जी के पूजन-अर्चन के साथ हुई। इसके बाद शिष्यों ने अपने गुरु महंत श्री ओम नारायण द्विवेदी का पुष्पमालाओं, अंगवस्त्र एवं चरण वंदना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित विशेष गुरु आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और गुरु के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इस अवसर पर महंत ओम नारायण द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में गुरु पूर्णिमा के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान भगवान से भी ऊंचा माना गया है। गुरु ही अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं तथा मनुष्य को धर्म, सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि गुरु और शिष्य का संबंध केवल शिक्षा तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह जीवन को संस्कारित और समाज को सशक्त बनाने का माध्यम है। गुरु के बताए मार्ग पर चलकर ही व्यक्ति अपने जीवन को सफल और सार्थक बना सकता है। महंत श्री द्विवेदी ने उपस्थित शिष्यों से समाज में प्रेम, सद्भाव, सेवा और संस्कारों के संरक्षण का संदेश देते हुए राष्ट्र एवं धर्म के प्रति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा केवल पूजन का पर्व नहीं, बल्कि आत्ममंथन और अपने जीवन को सकारात्मक दिशा देने का अवसर भी है। दिनभर मंदिर परिसर में भजन मंडलियों द्वारा भगवान श्रीराम एवं गुरु महिमा पर आधारित भजनों की मधुर प्रस्तुतियां दी गईं। श्रद्धालु भक्ति रस में डूबकर भजनों का आनंद लेते रहे। गुरु वंदना और सामूहिक आरती के दौरान पूरा मंदिर ₹जय श्रीराम₹ और ₹गुरुदेव की जय₹ के उद्घोष से गूंज उठा। कार्यक्रम के समापन पर सभी श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। शिष्यों ने व्यवस्था संभालते हुए श्रद्धालुओं की सेवा की। गुरु पूर्णिमा का यह आयोजन श्रद्धा, सेवा और भारतीय सनातन परंपरा के प्रति समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण बन गया।


### गुरु पूर्णिमा पर सरस्वती विकास विद्यालय में गुरु वंदन कार्यक्रम



गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर सरस्वती विकास विद्यालय, मनेन्द्रगढ़ में गुरु-शिष्य परंपरा को समर्पित एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपने गुरुजनों को चंदन का तिलक लगाकर उनके प्रति श्रद्धा, सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की। इस पारंपरिक आयोजन ने भारतीय संस्कृति में गुरु के सर्वोच्च स्थान को सजीव रूप से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक श्री पी. एन. तिवारी ने अपने प्रेरक उद्बोधन में गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से गुरुजनों के आदर्शों का अनुसरण करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधान पाठक हीरालाल केवट, प्रधान पाठिका सुषमा श्रीवास्तव तथा विद्यालय के प्राचाय वेदप्रकाश पाण्डेय सहित विद्यालय के लगभग 40 शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। सभी ने गुरु पूर्णिमा के इस पावन पर्व को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम का समापन गुरुजनों के प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त करते हुए किया गया।

## सावन शुरू होते ही मांसाहार की मांग में आएगी गिरावट

- चिकन-मछली व अंडा कारोबार होगा प्रभावित



बैकुण्ठपुर। पवित्र सावन माह की शुरूआत के साथ ही जिले में चिकन, मछली और अंडों के कारोबार पर असर दिखने लगेगा। सावन शुरू होने से पहले शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में मांसाहारी खाद्य पदार्थों की मांग में जबरदस्त बढ़ोतरी रही, जिससे व्यापारियों की बिक्री में अच्छा उछाल आया। हालांकि गुरुवार से सावन शुरू होने के साथ ही अधिकांश लोगों के मांसाहार से परहेज करने के कारण मांग में भारी कमी आने की संभावना है।

व्यापारियों के अनुसार प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी सावन शुरू होने से कुछ दिन पहले चिकन, मछली और अंडों की खरीदारी बढ़ गई थी। बढ़ती मांग के कारण कीमतों में भी इजाफा देखने को मिला। स्थानीय बाजार में पहले जहां अंडे 80 रुपए प्रति दर्जन बिक रहे थे, वहीं पिछले एक माह से इनके दाम बढ़कर 110 रुपए प्रति दर्जन तक पहुंच गए। सावन शुरू होने से ठीक पहले दो-तीन दिनों में बिक्री सबसे अधिक रही। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि सावन के दौरान अधिकांश लोग धार्मिक आस्था के चलते मांसाहार का सेवन नहीं करते, जिससे पूरे महीने चिकन, मछली और अंडों की बिक्री काफी कम हो जाती है। मांग घटने के कारण कीमतों में भी नरमी आने की संभावना रहती है। व्यापारियों का कहना है कि सावन समाप्त होने के बाद एक बार फिर मांसाहारी खाद्य पदार्थों की मांग तेजी से बढ़ती है और कारोबार सामान्य से अधिक गति पकड़ लेता है। ऐसे में फिलहाल व्यापारियों को पूरे सावन माह तक बिक्री में कमी का सामना करना पड़ सकता है।

### आमाखेरवा ग्राउंड में गूंजेगा आजादी का जश्न

मनेन्द्रगढ़। देश के राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के गरिमामय आयोजन को लेकर एमसीबी जिले में तैयारियां तेज हो गई हैं। 15 अगस्त 2026 को मनेन्द्रगढ़ के आमाखेरवा ग्राउंड में जिला स्तरीय मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए जिला कार्यालय एमसीबी के सभाकक्ष में कलेक्टर की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में समारोह को भव्य, गरिमामय और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए विभागवार जिम्मेदारियां तय की गईं। मुख्य समारोह में माननीय मुख्य अतिथि द्वारा प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके पश्चात जिला पुलिस, होमगार्ड एवं छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के जवानों द्वारा मार्च पास्ट प्रस्तुत किया जाएगा। परेड को बेहतर एवं अनुशासित बनाने के लिए 9 अगस्त 2026 से आमा खेरवा ग्राउंड में अभ्यास शुरू किया जाएगा।

## 400 एकड़ सिंचाई के संसाधन बने जिले के 93 तालाब

### मोर गांव मोर पानी अभियान अंतर्गत दो वर्षों में 93 तालाबों का गहरीकरण कार्य पूर्ण

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा विगत वर्ष आरंभ किए गए मोर गांव मोर पानी महाभियान के साथ पंचायत एवं ग्रामीण विकास सहभागिता कर रहा है। कोरिया जिले में भी जलसंरक्षण और संवर्धन की दिशा में वृहद स्तर पर निरंतर कार्य हो रहे है। पंचायत एंव ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जिले के दोनों जनपद पंचायतों के अंतर्गत गत दो वर्षों में कुल 93 पुराने तालाबों का सुधार कार्य किया गया है। इन तालाबों में गहरीकरण, आउटलेट, इनलेट सुधार करते हुए नए सिरे से पुनरूद्धार कर उन्हे एक बहुपयोगी जल संसाधन के तौर पर तैयार किया गया है। सभी तालाबों में वर्षाजल भराव से अब यह सभी तालाब महिलाओं की आजीविका के साथ किसानों की सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि को हरियाली देने का काम करेंगे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा अकुशल श्रमिकों को रोजगार के भरपूर अवसर देते हुए ग्रामीण तालाबों का गहरीकरण कार्य पूर्ण कराया गया है। प्रत्येक तालाब से औसतन 2 से ढाई हजार मानव दिवसों का रोजगार सृजित हुआ है। इससे पंजीकृत श्रमिकों को अपने गांव के जल संसाधन बनाते हुए लगभग 2 लाख से अधिक मानव दिवस का रोजगार प्राप्त हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में इससे मजदूरी राशि के रूप में भी श्रमिकों को सीधा लाभ प्राप्त हुआ।

### बेहतर सिंचाई और आजीविका का संसाधन



जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेन्द्र श्रीवास ने बताया कि कलेक्टर कोरिया रोक्तिमा यादव के निर्देशन में सभी कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। तालाबों को मछलीपालन केन्द्र की तरह विकसित करने के लिए ग्राम पंचायतों के माध्यम से समूहों को चिन्हित कर आजीविका गतिविधियां आरंभ की जा रही हैं। वहीं इन तालाबों से लगभग 400 एकड़ कृषि भूमि में सिंचाई की सुविधा का लाभ भी आस पास के किसान ले सकेंगे।

### 7 करोड़ 87 लाख रूपए की लागत

कोरिया जिले के दोनों जनपदों में गत दो वित्तीय वर्ष में 93 तालाबों के गहरीकरण जीर्णोद्धार के कार्य स्वीकृत किए गए और यह सभी कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। वित्तीय वर्ष 25-26 में कुल 72 तालाबों का पुनरूद्धार कार्य 602 लाख रूपए की लागत से स्वीकृत किया गया तथा वित्तीय वर्ष 26-27 में कुल 21 तालाबों का चिन्हांकन कर उनका सुधार कार्य पूर्ण कराया गया है। इसके लिए 184 लाख रूपए से अधिक स्वीकृत किए गए। यानी विगत दो वर्षों में कुल 7 करोड़ 87 लाख रूपए की लागत से जलसंसाधन तैयार करने का कार्य किया गया है।

## गुरु रविदास महाराज के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाएं

हरिभूमि न्यूज. मनेंद्रगढ़



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में प्रदेशव्यापी ₹समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत सोमवार को मनेंद्रगढ़ स्थित गोंडवाना भवन, इमली गोलाई (कोल्ड स्टोर के समीप, डोमनापारा) में जिला स्तरीय कार्यशाला के उपरांत प्रेस वार्ता आयोजित की गई।

प्रेस वार्ता में प्रदेश संगठन द्वारा नियुक्त मुख्य वक्ता एवं विधायक भूलन सिंह मरावी तथा भाजपा एमसीबी जिलाध्यक्ष चंपा देवी पावले ने अभियान की रूपरेखा, उद्देश्य एवं आगामी कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। मुख्य वक्ता विधायक भूलन सिंह मरावी ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज ने अपने जीवन के माध्यम से सामाजिक समरसता, समानता, मानवता और भाईचारे का जो संदेश दिया, वह आज भी पूरे समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में ₹समरसता संकल्प अभियान₹ चला रही है। अभियान के माध्यम से समाज के सभी वर्गों को जोड़ते हुए समतामूलक और समरस समाज के निर्माण का संकल्प लिया जाएगा। भाजपा एमसीबी जिलाध्यक्ष चंपा देवी पावले ने कहा कि गुरु रविदास महाराज ने जाति, ऊंच-नीच और भेदभाव से ऊपर उठकर मानव सेवा और समानता का मार्ग दिखाया। उनके आदर्श आज भी समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह अभियान केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, सद्भाव और राष्ट्रीय चेतना को मजबूत करने का व्यापक जनअभियान है।

## लोक व्यवस्था जागरण अभियान अधिवेशन में 200 से अधिक लोग शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज



मार्गदर्शक सामाजिक शोध संस्थान के तत्वावधान में भगवान श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या धाम स्थित विवेक सृष्टि, रामघाट, रामसेवकपुरम में 25–26 जुलाई को लोक व्यवस्था जागरण अभियान के अंतर्गत दो दिवसीय ज्ञान केंद्र प्रांतीय अधिवेशन संपन्न हुआ। अधिवेशन में देश के लगभग 10 राज्यों से आए प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं ज्ञान केंद्र संचालकों ने भाग लिया वहीं रामानुजगंज से भी 200 से अधिक लोग शामिल हुए।

अधिवेशन का मुख्य उद्देश्य देशभर में ज्ञान केंद्रों का विस्तार, सामाजिक एवं संवैधानिक विषयों पर जनजागरण तथा तंत्र-मुक्त, संविधान-युक्त समाज एवं व्यवस्था की अवधारणा को समाज तक पहुंचाना रहा। दो दिनों तक आयोजित विभिन्न वैचारिक एवं संगठनात्मक सत्रों में लोक शक्ति के संगठन, समाज की स्वशासी भूमिका तथा व्यवस्था परिवर्तन के व्यावहारिक पक्षों पर गहन चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन बृजेश राय एवं ज्ञानेंद्र आर्य ने किया। इस दौरान कन्हैया लाल अग्रवाल, मोहन गुप्ता, मेरठ से नरेंद्र रघुनाथ सिंह, सुल्तानपुर से संजय तिवारी, पटना से विपुल आदर्श, नालंदा से दीपक, झारखंड से संतोष माखरिया, ओडिशा से सुवेंदु महापात्र, कर्नाटक से एमएच पाटिल, महाराष्ट्र से डॉ. प्रकाश किरकिरे, हैदराबाद से के वीरा स्वामी, बक्सर से आचार्य धर्मेंद्र तथा संभल से बहादुर सिंह सहित विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

### एकलव्य विद्यालयों में प्रवेश हेतु काउंसलिंग

अम्बिकापुर। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि जिले में संचालित 5 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2026-27 के अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए द्वितीय चरण की ऑनलाइन काउंसलिंग 28 जुलाई से शुरू हो रही है। रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए यह प्रक्रिया 1 अगस्त 2026 तक चलेगी। काउंसलिंग का समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों की सूची, काउंसलिंग केंद्र और अन्य विस्तृत विवरण विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है। ऐसे अभ्यर्थी जिन्हें प्रथम चरण की ऑनलाइन काउंसलिंग में विद्यालय आवंटित नहीं हो सका था, वे पूर्व सूची में दर्शाए गए विद्यालय में उपस्थित होकर अनुलग्नक-3 प्राप्त कर सकते हैं।

### ढाबा, गैरेज से सामान की चोरी, सामान बाइक के साथ पकड़ा गया आरोपी

रायगढ़। छाल थाना क्षेत्र में ढाबा और गैरेज से हुई चोरी की वारदात के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गया मोबाइल, दो प्रेसर जैक और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। जानकारी के अनुसार, 26 जुलाई को ग्राम हाटी स्थित मितान ढाबा संचालक भागीरथी साहू 42 ने बताया कि 25 जुलाई की रात ढाबा बंद कर सभी कर्मचारी सो गए थे। अगले दिन सुबह बिल काउंटर पर रखा मोबाइल गायब मिला और सामान बिखरा हुआ था। इसी दौरान पास के गैरेज संचालक अशरफ अली ने भी अपने गैरेज से दो प्रेसर जैक चोरी होने की सूचना दी। शिकायत पर पुलिस ने धारा 301(4) एवं 305(ए) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने ढाबे में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली।

जन्मजात, दुर्घटना या अन्य कारणों से कटे या टेढ़े-मेढ़े
कानों की रिशेपिंग

कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

## पृष्ठ 1 का शेष

### ओड़गी पटवारी कार्यालय...

यहां पहुंचने वाले लोगों ने प्रशासन-प्रशासन से जल निकासी की समुचित व्यवस्था करने तथा सरकारी कार्यालयों सहित जलभराव वाले क्षेत्रों में आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। मौसम विभाग के अनुसार जिले में आगामी दिनों में भी वर्षा का दौर जारी रहने की संभावना है।

### एमसीबी में महिला...

पीड़िताओं को महिला पुलिस अधिकारियों के समक्ष बिना किसी झिझक अपनी बात रखने का अवसर मिलेगा तथा काउंसलिंग एवं महिला सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाएं भी अधिक प्रभावी बनेंगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला कांग्रेस महामंत्री पूनम सिंह, पूर्व महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष निर्मला चतुर्वेदी, पूर्व महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष रूमा चटर्जी, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री रुक्मणी खोबरागड़े, पूर्व महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष शोभना वर्मा, पूर्व पार्षद हमीदा खातून एवं पूर्व पार्षद बबीता यादव उपस्थित रहीं।

### नशे के खिलाफ...

ने प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन बेनेदिता तिर्की, डॉ. महेश मिश्रा, संजीव जायसवाल, देवेश जायसवाल, रविंदर कौर, अभय कुमार शर्मा सहित अन्य निर्णायकों ने किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में माय भारत के कार्यालय सहायक राजीव साहू तथा राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक प्रगति, सुकन्या कुजूर, पूजा गुप्ता, लालचंद यादव, टिकेश्वर प्रसाद और कुनाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समापन अवसर पर सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने युवाओं को नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प दिलाते हुए कहा कि जागरूक युवा ही स्वस्थ, सुरक्षित और सशक्त भारत की नींव रख सकते हैं।


## भाजपा ने कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



कारगिल विजय दिवस सह प्रधानमंत्री के मन की बात सयुंक्त कार्यक्रम को भाजपा जिला झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ सरगुजा के द्वारा आयोजित किया गया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगरनिगम की महापौर मंजूषा भगत और अतिथि के रूप में भाजपा जिला महामंत्री अरुणा सिंह,भाजपा के वरिष्ठ नेता और एल्डरमैन पार्षद करता राम भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष निशांत सिंह 'शालू' प्रदेश भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के कार्यकारणी सदस्य दीपक गर्ग श्याम गुप्ता पप्पू महिला मोर्चा की जिला के अध्यक्ष प्रियंका चौबे और मन की बात के सत्कार अतिथि के रूप में डॉ अनिल तिवारी और अन्य अतिथियों ने सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने कारगिल विजय दिवस की बधाई देते हुये शहीदों को स्मरण किया। हमे अमर शहीदों के बलिदानों को हमेशा याद रखना होगा और आने वाली पीढ़ियों के लिए उनकी कुर्बानी को बताना होगा साथ ही प्रधानमंत्री मंत्री के संदेश को भी आत्मसात करना होगा। भाजपा जिला महामंत्री अरुणा सिंह ने कहा की प्रत्येक हिंदुस्तानियों को आज के दिन का गर्व है कि हमने आज ही के दिन कारगिल युद्ध जीता था और भारतवर्ष का तिरंगा कारगिल के चोटी पर फहराया था। भाजपा जिला संयोजक रविन्द्र गुप्त 'भारती' ने शहीदों को स्मरण करते हुए कहा कि देश के सीमा में जो हमारे सैनिक अपना घर परिवार छोड़ कर रात-दिन सुरक्षा दे रहे है जिन के वजह से पूरा देश सुरक्षित है उन्हें सब से पहले स्मरण करना होगा यही उन शहीदों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि है। वरिष्ठ भाजपा नेता और एल्डरमैन पार्षद करता राम गुप्ता एवं महामंत्री प्रियंका चौबे ने भी संबोधित करते हुए कहा की शहीदों के बलिदान को हमेशा स्मरण किया जाना चाहिए। सत्कार अतिथि डॉ अनिल तिवारी ने अपने उद्बोधन में स्वच्छता पर्यावरण एवं कुटीर उद्योग एवं गौ पालन से संबंधित बातों को रखा कार्यक्रम का संचालन प्रदेश भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के कार्यकारिणी सदस्य दीपक गर्ग ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप पार्षद एवं एमआईसी सदस्य अनीता रविंद्र गुप्त भारती, रविकांत उरांव वरिष्ठ भाजपा नेता सुदामा यादव,निर्भय सिंह, राजकुमार सिंह, शिव गुप्ता नगर महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती यादव, श्रीमती लक्ष्मी सिंह, श्रीमती हेमा कसारी, चंद्र सेन तिवारी आदि शामिल रहे। प्रभु नारायण सिंह खैरवार जगदीश जायसवाल जय सिंह श्रीमती सावित्री राजवाड़े श्रीमती ललिता दास श्रीमती रीमा सोनकर संजय सोनकर कामेश्वर धीवर मूंछपाल प्रदीप गोस्वामी शंकर दिव्यांशु अग्रहरि आदि उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com


30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर,01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411